एक नजर

धूमधाम से मनाया गया भाईदूज

महमूदाबाद (सीतापुर)।भाई-बहन के पवित्र रिश्तों को मजबूती देने वाला भइयादूज पर्व बुधवार को परम्परागत रूप से उल्लास के साथ पूरे क्षेत्र में मनाया गया। बहनों ने जहां भाईयों का तिलक, आरती उतार कर दीर्घजीवी होने की कामना की वहीं भाईयों ने बहनों को उपहार देते हुए उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। भइयादूज के पर्व को लेकर बाजार में खील-बताशों व मिठाई की दुकानों पर जमकर भीड़ दिखी। सुबह से ही पैंतेपुर, बिलौली बाजार, सिरौली, सरैंया, बेहमा, सदरपुर, गोडैचा, सेमरी, चांदपुर, बांसुरा, रामपुर मथुरा, बहादुरगंज में मिठाई दुकानों पर खरीददारों की भीड़ से मेला सा दृश्य हो गया। बुधवार सुबह से ही रोडवेज बस स्टॉप पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। महमूदाबाद के सिधौली, बिसवां, रामपुर मथुरा, रेउसा, फ्तेहपुर आदि जाने वाले वाहनों के अड्डों पर भारी भीड जमा रही।

जयंती पर याद किये गये अबुल कलाम

महमूदाबाद (सीतापुर)।मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमैनिटीज साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के में देश के प्रथम शिक्षामंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई गई। परिसर में स्थापित मौलाना आजाद की प्रतिमा पर पुष्पचर्चन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यालय अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में विविध शिक्षण संस्थाओं, समितियों एवं तकनीकी संस्थाओं की स्थापना हुई। मौलाना आजाद एक महान शास्त्रवेत्ता, प्रसिद्ध विद्वान, प्रभावशाली वक्ता तथा महान राष्ट्रभक्त थे । इसके अतिरिक्त वे राष्ट्रवादी होते हुये भी विश्ववादी थे। वे अपनी ज्ञान, योग्यता व भक्ति के कारण इतिहास में सदैव अमर रहेंगे। मौलाना आजाद द्वारा स्थापित संस्थाए आज भी मील का पत्थर साबित हुये है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक, जीवंत व अविस्मरणीय है। इस अवसर पर डा. प्रदीप कुमार, मनोज शुक्ल, इरफान अहमद, समीउल्ला व अन्य लोग उपस्थित रहे।

बाइक चोर गिरफ्तार

महमूदाबाद (सीतापुर)। महमूदाबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान रामसेतु पुल के पास नहर पटरी से चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान तालगांव के कलहापुर भुड़कुड़ी निवासी अंकित पुत्र रामकिशोर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद की है। पूछताछ में आरोपित ने बाइक कस्बे में कोमल पेस्टिसाइड्स के पास से बाइक चोरी करने और उसे बेचने के लिए ले जाने की बात स्वीकार की। कोतवाल सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि मामले में महमूदाबाद कोतवाली में पहले से मुकदमा दर्ज था। मुकदमे में बरामदगी की धारा की बढ़ोतरी कर युवक को भेज भेज दिया गया है।

जिलेभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया भैया दूज

बाराबंकी। जिलेभर में बुधवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक भैया दूज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर उत्साह दिखाई दिया। बहनों ने स्नान आदि के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी और उनकी लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार और धनराशि भेंट कर उनकी रक्षा और सुख-दुख में साथ निभाने का वचन दिया।पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक रही। मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखाई दी। दूर-दराज रहने वाली बहनें भी भाइयों के घर पहुंचीं और परंपरागत तरीके से पर्व मनाया। पूरे जिले में भैया दूज को लेकर उत्साह और पारिवारिक मेल-मिलाप का माहौल रहा।

रामनगर में भी धूमधाम से मना भैया दूजरामनगर। भैया दूज के पावन अवसर पर क्षेत्र में बहनों ने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और आरती उतारकर दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार स्वरूप धनराशि भेंट कर उनकी रक्षा का वचन दिया। दीपावली के दूसरे दिन मनाए जाने वाले इस पर्व पर सुबह से ही घरों में उत्साह का माहौल रहा। बहनों ने स्नान आदि के बाद पूजा-अर्चना कर चंदन और रोली से भाइयों का तिलक किया। यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और आपसी विश्वास का प्रतीक माना जाता है।

मजदूर पिता के कंधों पर चढ़कर संघर्षों से सफलता तक पहुंचा बेटा, किताब में दर्ज हुई जिंदगी की जंग



बाराबंकी। मां का साया बचपन में ही उठ गया। घर में गरीबी थी, सामने चुनौतियों का पहाड़ और भविष्य अनिश्चित। लेकिन पिता बिरजू ने हार नहीं मानी। कभी खेतों में हल चलाया तो कभी ईंट-भट्ठों पर मजदूरी की। बेटे को अपने कंधों पर बिठाकर जिंदगी की मुश्किल राहों से निकालते रहे। पिता के इसी संघर्ष, त्याग और बेटे के अदम्य संकल्प की कहानी अब 'कंधों की पाठशाला और मैं हारा नहीं' के रूप में सामने आई है। समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार रत्नेश कुमार की इस आत्मकथा का बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए गांधी सभागार में भव्य विमोचन हुआ।जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने पुस्तक को संघर्षशील युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बताते हुए कहा कि अभावों से निकलकर आगे बढ़ने की यह जीवनगाथा युवाओं के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि मातृभाषा संस्कार और चरित्र निर्माण का आधार है। आज बच्चों में अभिभावकों का नियंत्रण कमजोर होने के पीछे मातृभाषा से दूरी भी एक प्रमुख कारण है। उन्होंने लेखक को इस प्रेरक कृति के लिए बधाई दी।माध्यमिक शिक्षा के संयुक्त निदेशक विवेक नौटियाल ने कहा कि यह पुस्तक सफलता के शिखरों का बखान नहीं, बल्कि गरीबी, जातिगत विषमता और सामाजिक भेदभाव के बीच संघर्ष करते हुए अपना रास्ता बनाने की मर्मस्पर्शी दास्तान है। पुस्तक की असली ताकत लेखक के पिता बिरजू का त्याग है, जिन्होंने पत्नी के निधन के बाद मजदूरी करके बेटे को पढ़ाया और उसका भविष्य संवारा।

जुआं हारने के दौरान युवक की पीटकर हुई थी हत्या,पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में गया प्रसाद (42) की पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी रामू राठौर को हिरासत में लिया है। मंगलवार शाम करीब छह बजे उसे पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफगैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। शुरुआती जांच में शराब के नशे में मारपीट के दौरान गया प्रसाद की मौत होने की बात सामने आई है। वहीं, ग्रामीणों का दावा है कि दोनों के बीच जुआ खेलने के दौरान विवाद हुआ था। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर गया प्रसाद का किसी बात को लेकर रामू राठौर से विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि रामू ने गया प्रसाद की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। गया प्रसाद सात बच्चों के पिता थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में मातम छा गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। मंगलवार देर शाम परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने आरोपी रामू राठौर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस घटना के कारणों का पता लगा रही है। प्रभारी निरीक्षक आशीष तिवारी के अनुसार, शुरुआती जांच में शराब के नशे में मारपीट होने की बात सामने आई है। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि दोनों व्यक्ति जुआ खेल रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और मारपीट में गया प्रसाद की जान चली गई। पुलिस दोनों पक्षों से मिली जानकारी के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

अवैध वाशिंग सेंटर से रोजाना 25 हजार लीटर भूजल बर्बाद, सड़क धंसी ,अफसर बेखबर



निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी-इटौंजा मार्ग पर मदारपुर पुलिया के निकट नियम-कानूनों को ताक पर रखकर एक वाशिंग सेंटर का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। यहां दिन-रात मौरंग लदे डंपरों की धुलाई की जा रही है और इसके लिए बोरिंग कर पंपिंग सेट से भूजल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि मुख्य मार्ग के किनारे इतने बड़े पैमाने पर हो रहे इस खेल की भनक संबंधित विभागों को अब तक नहीं लगी, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है।**कैसे चल रहा है खेल?**स्थानीय लोगों के अनुसार वाशिंग सेंटर पर मौरंग लदे डंपरों को पानी की तेज बौछार से धोकर मौरंग साफ की जाती है। एक डंपर की धुलाई में करीब दो घंटे का समय लगता है और लगभग एक हजार लीटर पानी खर्च हो जाता है। दिनभर में दर्जनों डंपरों की धुलाई होती है। इस हिसाब से प्रतिदिन करीब 20 से 25 हजार लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।बताया जा रहा है कि धुलाई के नाम पर डंपर चालकों से प्रति वाहन सैकड़ों रुपये तक शुल्क भी वसूला जाता है। यानी पानी भी सरकार का, सड़क भी सरकार की और कमाई निजी जेब में जा रही है।सड़क की पटरी धंसी, जाम से जनता परेशान*मुख्य मार्ग के किनारे संचालित इस सेंटर के कारण सड़क की पटरियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। भारी लोडर वाहनों के लगातार आवागमन से पटरी धंस गई है। कई बार वाहन पटरी में फंस जाते हैं। इससे कुर्सी-इटौंजा मार्ग पर आवागमन प्रभावित होता है और जाम की स्थिति बन जाती है। स्कूली बच्चों, एंबुलेंस और राहगीरों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।**भूजल स्तर पर भी संकट***जिस इलाके में किसान सिंचाई के लिए पानी को तरस रहे हैं, वहीं हजारों लीटर भूजल रोजाना बहाया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह के अंधाधुंध दोहन से क्षेत्र का भूजल स्तर तेजी से नीचे जाएगा, जिसका खामियाजा आने वाले समय में आम जनता और किसानों को भुगतना पड़ेगा।**विभागीय निगरानी पर सवाल**स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग के किनारे वाशिंग सेंटर का संचालन, बड़े पैमाने पर भूजल दोहन और सड़क को नुकसान पहुंचाने के बावजूद अब तक संबंधित अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। न तो खनन विभाग ने जांच की, न ही भूजल विभाग, न ही लोक निर्माण विभाग और न ही पुलिस-प्रशासन ने संज्ञान लिया। इससे विभागीय निगरानी और कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। लोगों में चर्चा है कि बिना मिलीभगत के इतने बड़े पैमाने पर यह अवैध कारोबार चल पाना संभव नहीं है।**जनमानस की मांग**स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मदारपुर पुलिया के पास संचालित वाशिंग सेंटर की तत्काल जांच कराई जाए। अवैध बोरिंग को बंद कराकर सेंटर को सील किया जाए। भूजल दोहन, सड़क क्षति और अवैध वसूली के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी नियमों को ताक पर रखकर इस तरह का कारोबार न कर सके।अब देखना यह है कि खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन जागता है या फिर जांच के नाम पर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

प्रसव के बाद महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

सीतापुर। तंबौर थाना क्षेत्र के बिसवां खुर्द स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद एक प्रसूता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार शाम करीब सात बजे हुई घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। नवजात को उपचार और निगरानी के लिए सीएचसी के एनबीएससी में रखा गया है। उसकी हालत स्वस्थ बताई जा रही है। वहीं, मृतका के पति ने स्वास्थ्यकर्मियों पर दवा देने के बाद पत्नी की हालत बिगड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के बिसवां खुर्द निवासी 35 वर्षीय सुनीता सोमवार शाम करीब पांच बजे पति श्याम लाल के साथ उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी। यहां मंगलवार शाम करीब 4रू30 बजे उसने बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद सुनीता की तबीयत बिगड़ने लगी। पति के मुताबिक, प्रसव के बाद भी उसे लगातार दर्द हो रहा था। परिजन कुछ समझ पाते, इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतका के पति श्यामलाल ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि प्रसव के बाद पत्नी की पीड़ा कम नहीं हो रही थी।

पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ



रोजा, शाहजहाँपुर। अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड की इकाई रोजा शुगर वर्क्स में बुधवार, पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ विधि-विधान एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम भगवान बरम बाबा के स्थान पर पूजा-अर्चना एवं हवन पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने चीनी मिल प्रबन्धन एवं क्षेत्र के किसानों को नए पेराई सत्र की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मिल प्रबन्धन किसानों के हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य करे, जिससे किसानों को समय पर उचित लाभ मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं किसानों ने भी नए सत्र के सफल संचालन की कामना की।समारोह में सहकारी गन्ना विकास समिति रोजा के चेयरमैन त्रिवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव, महानगर भाजपा अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पूर्व शिक्षक विधायक संजय मिश्रा, किसान यूनियन नेता मुनेश्वर कठेरिया, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जेपीएस राठौर, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री राकेश कुमार मिश्रा (अनावा), ब्लॉक प्रमुख मदनापुर महेश पाल सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भावलखेड़ा शरद कुमार सिंह, गन्ना संघ उ0प्र0 निदेशक सुरेश पाल सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रोजा लाल चंद उपाध्याय एवं उ.प्र. गन्ना संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. पी. के. कपिल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।चीनी मिल प्रबन्धन की ओर से अधिशासी अध्यक्ष पंकज कुमार गोयनका, केन हेड अवधेश चन्द गुप्ता, प्रोडक्शन हेड प्रदीप कुमार तोमर, इंजीनियरिंग हेड दिनेश सिंह, फाइनेंस हेड मोइन खान एवं मानव संसाधन प्रमुख प्रांशु शर्मा सहित अजयपाल सिंह, अनिल सिंह चौहान, सत्येन्द्र कुमार मिश्र, सौरभ दुबे, अचल दीक्षित, रविन्द्र सिंह, करनी सिंह, रोहित राणा एवं कृष्णपाल सिंह तोमर उपस्थित रहे।समारोह में मिल के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्र के सम्मानित किसान एवं अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

रेलवे लाइन के पास बेसुध मिले युवक की मौत



सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन के पास बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में बेसुध अवस्था में मिला। परिजन उसे आनन-फानन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने उसके शरीर पर चोट के निशान होने की बात कहकर अनहोनी की आशंका जताई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि युवक शराब के नशे में बेसुध मिला था और प्रथम दृष्टया उसके शरीर पर चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासी संतोष कुमार (30) पुत्र धनीराम मंगलवार शाम मूसेपुर गांव गया था। परिजनों के मुताबिक, देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। बुधवार सुबह करीब 7 बजे वह गांव के बाहर रेलवे लाइन के पास बेसुध अवस्था में पड़ा मिला।

परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान देर रात युवक शराब के नशे में बेसुध मिला था। उस समय पुलिस ने उसके भाई शिवकुमार से बातचीत कर उसे घर ले जाने की बात कही थी। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया युवक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घर में घुसकर युवक और उसके भाई पर हमला

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के अकबरपुर रीवान गांव में आपसी विवाद के बाद मारपीट हुई। पीड़ित ने गांव के कुछ लोगों पर घर में घुसकर गाली-गलौज करने और लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है। युवक के सिर पर चोट आई, जबकि उसका छोटा भाई विपिन भी घायल हुआ। पीड़ित के मुताबिक, कुछ लोगों ने किसी बात को लेकर उससे विवाद शुरू किया। आरोप है कि वे गाली-गलौज करते हुए घर में घुसे और मारपीट करने लगे। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे विपिन को भी पीटा गया। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों ने उसे और परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी। उसने पुलिस को घटना की जानकारी देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सैकड़ों कौवे मृत मिले वन क्षेत्राधिकारी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेजा

सीतापुर। महमूदाबाद इलाके में अलग-अलग खेतों में सैकड़ों कौवे मृत मिले। सुबह ग्रामीण खेतों पर काम करने गए थे। दोपहर में घर लौटते समय उन्होंने कौवों को जमीन पर मृत पड़ा देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद पवन सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने 5 कौवों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेज दिए। बाकी कौवों को वन विभाग की टीम अपने साथ ले गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कौवों की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। जानकारी के अनुसार, हरैया गांव में ग्रामीणों ने अलग-अलग स्थानों पर बड़ी संख्या में कौवों को मृत पड़ा देखा। सैकड़ों कौवों की मौत से ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। लोग इस बात को लेकर हैरान हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ, जिससे इतनी बड़ी संख्या में कौवों की जान चली गई। कौवों की मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। ग्रामीणों में बीमारी, जहरीले पदार्थ या किसी अन्य कारण से मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

रामगढ़ चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू



सीतापुर। डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की रामगढ़ यूनिट में बुधवार को गन्ना पेराई सत्र 2026-27 शुरू हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मिल के अधिशासी निदेशक टी.एन. सिंह ने पूजन कर सत्र की शुरुआत की। सांसद अशोक रावत और विधायक रामकृष्ण भार्गव भी मौजूद रहे। सांसद और विधायक ने बैलगाड़ी से गन्ना लाने वाले बसंतपुर के किसान अमरेन्द्र, पिता विद्यासागर, और ट्रॉली से गन्ना लाने वाले नसिरापुर के किसान दिनेश कुमार, पिता रामरतन को फूलमाला पहनाकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। ट्रक चालक को भी सम्मानित किया गया। अधिशासी निदेशक टी.एन. सिंह ने जनप्रतिनिधियों, किसानों और अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने किसानों से मिल को पूरा सहयोग देने और साफ, स्वस्थ व ताजा गन्ना लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान गन्ना पर्ची पर मिले एसएमएस के मुताबिक ही गन्ना लेकर आएं और पर्ची की वैधता के भीतर आपूर्ति करें। मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) यू.के. पाठक ने किसानों को नए पेराई सत्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने किसानों से अपना पूरा गन्ना मिल को देने, अधिक क्षेत्र में उन्नत गन्ना किस्में बोने और पूरे सत्र में मिल प्रबंधन का सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में गन्ना समिति रामगढ़ के अध्यक्ष रामगोपाल अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष बबलू अवस्थी, समिति संचालक मंडल के सदस्य, एसडीएम मिश्रिख, थानाध्यक्ष संदना और चौकी प्रभारी रामगढ़ मौजूद रहे।

मिल की ओर से महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग) रोहित गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक (उत्पादन) रविन्द्र सचान, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) आर.एन. दीक्षित और विजय शुक्ला, वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना संजय सिंह, अवनीश त्रिवेदी और जे.पी. त्रिपाठी सहित अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

एक नजर

दिव्यांग बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा और हुनर ने मोहा अतिथियों का मन, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता का दिया संदेश



अयोध्या धाम । दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश के सौजन्य से एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्री चंद्रेश त्रिपाठी जी के निर्देशन में संस्था अखिल भारतीय दिव्यांग जन कल्याण समिति, तुलसी नगर, अयोध्या द्वारा 7 एवं 8 नवंबर 2026 को भव्य दीपोत्सव मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी महेश योगी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विशाल मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि विवेक मिश्रा उपस्थित रहे। मेले का शुभारंभ महामंडलेश्वर स्वामी महेश योगी , श्री विशाल मिश्रा विवेक मिश्रा , संस्था के प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार तिवारी, अध्यक्ष श्रीमती अनीता पाठक एवं प्रधानाचार्य श्री अंकित मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शुभारंभ के उपरांत अतिथियों ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया तथा दिव्यांग बच्चों द्वारा अपने हुनर, मेहनत एवं रचनात्मक सोच से तैयार की गई आकर्षक सामग्री की सराहना की।इस भव्य मेले का मुख्य आकर्षण दिव्यांग बच्चों द्वारा स्वयं तैयार किए गए दीपावली एवं हस्तशिल्प से संबंधित उत्पाद रहे। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए सुंदर पेंटिंग, आकर्षक क्राफ्ट सामग्री, धूपबत्ती, अगरबत्ती, हवन सामग्री, दीपावली के रंग-बिरंगे दीपक एवं मिट्टी के दीये, लक्ष्मी-गणेश पूजन सामग्री, लक्ष्मी-गणेश की आकर्षक सजावटी प्रतिमाएं, पूजन थालियां, मंगल बोर्ड, ओम चिह्न, बंदनवार, दीपावली की सजावटी वस्तुएं एवं अन्य हस्तनिर्मित उपयोगी सामग्री तैयार की थी।

अयोध्या श्री मानस सेवा समिति का 54 वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न



अयोध्या धाम। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में मानस सेवा समिति (मोहनमंदिर) अयोध्या में 54 वाँ स्थापना दिवस पीठाधीश्वर महन्थ रामदास महाराज के संरक्षण में सिद्ध पीठ करुणानिधान-भवन, अयोध्याधाम में भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर श्रीरामार्चा महायज्ञ, सारस्वत-सम्मान और बृहद-भोजन प्रसाद का आयोजन किया गया। संतों और अतिथियों के विचारमुख्य अतिथि जगद्गुरु मलूकपीठाधीश्वर डॉ. राजेन्द्र देवाचार्य महाराज (श्रीधाम, वृन्दावन) ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि समिति द्वारा प्रकाशित %मानस-मुक्तामणि पत्रिका विशुद्ध आध्यात्मिक एवं शोधपरक है। यह मानव-जीवन के लिए परम उपयोगी है। विशिष्ट संत- महान्त गौरीशंकर दास महाराज (श्रीहनुमानगढ़ी, अयोध्या) डॉ. मनमोहन सरकार की नि:स्वार्थ मानस-सेवा भावना और सदस्यों की कर्मठता को इस दीर्घकालीन यात्रा का प्रमाण बताया। सारस्वत-सम्मान से अलंकृत विभूतियोंसमारोह के दौरान निम्नलिखित विद्वानों और पत्रकारों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए सारस्वत-सम्मान से सम्मानित किया गया।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत एक युवक की मौत

पहला, सीतापुर। थाना रामपुर कलां क्षेत्र अंतर्गत गौरा गांव के सामने दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत जुड़नापुर निवासी अभिषेक पुत्र अशोक कुमार 24वर्ष अपनी वहन को सरैया चौराहा छोड़ कर घर वापस जा रहा था कि गौरा गांव के निकट सामने से आ रहे लाइक सवार टोडकपुर निवासी 20वर्षीय सरोज पुत्र राजकुमार और शुभम पुत्र उमेश कुमार निवासी डेरा पन्चायन की वाइको की आमने सामने भिडंत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने अभिषेक पुत्र अशोक कुमार (24 वर्ष), निवासी ग्राम जुड़नापुर को मृत घोषित कर दिया।वहीं, हादसे में घायल शुभम पुत्र उमेश कुमार का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला में चल रहा है। जबकि सरोज कुमार पुत्र राजकुमार की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहीं स्थानीय पुलिस घटना के कारणों की जांच और मृतक की आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। इस दर्दनाक घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कार की टक्कर से बाइक-सवार महिला की मौत

सीतापुर। हरगांव इलाके में बुधवार सुबह करीब 6 बजे तेज रफ्तार वैगनआर कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 32 वर्षीय आरती देवी की मौत हो गई, जबकि उनके पति मोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के मुताबिक, हादसे में मोहित के दोनों पैर कट गए हैं। बाइक पर सवार उनके 8 वर्षीय बेटे प्रतीक और 5 वर्षीय बेटी किंजल भी घायल हुए हैं। परिवार एक ही बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना हरगांव थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के मुड़ियाखेड़ा गांव निवासी 35 वर्षीय मोहित बुधवार सुबह पत्नी आरती देवी और दोनों बच्चों के साथ बाइक से लहरपुर क्षेत्र के नवीनगर स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। सलारपुर-कटेश्वर मार्ग पर पीछे से आ रही वैगनआर कार ने ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने आरती देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, मोहित और दोनों बच्चों को बेहतर इलाज के लिए लखीमपुर रेफर कर दिया गया। परिजनों के मुताबिक, मोहित की हालत गंभीर है और दोनों बच्चों का डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

तारीख पेशी 19 -11-2026

हेतु सन्दर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)न्यायालय नायब तहसीलदार महोदय सिधौली जिला सीतापुर वाद संख्या टी 202610640515043 प्रीती बनाम रामलली अंतर्गत धारा 34 उपरा 2006चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रीती

इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आपको इस न्यायालय में होना आवश्यक है आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिए 19-11 2026 दिवस को 10बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा व अवधरित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिवस को निकली गयी मुहर

न्यायाधीश

1-विश्व पाल, विजय कुमार पुत्र गण स्वर्गीय राम औतार निवासी ग्राम लक्ष्मनपुर मजरा मुरहा डीह तहसील सिधौली जिला सीतापुर